# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 03/2025** **दिनांक 05/04/2025**

**सेवा में,**

**अपर पुलिस महानिदेशक,**

**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

अपने पत्र संख्य़ाःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 04.04.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना दुल्लहपुर पुलिस टीम द्वारा 01 अदद तमंचा.315 बोर 01 अदद् जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी दुल्लहपुर द्वारा रात्रिगस्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर एक व्यक्ति सोनू कुमार पुत्र श्याम नारायण राम नि0 मोहब्बतपुर थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर को धामुपुर भट्ठे के मोड के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से 01अदद तमंचा.315 बोर व 01 अदद् जिन्दा कारतूस * बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर *मु0अ0सं0 61/25 धारा 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अभियुक्त का नाम व पता -**

सोनू कुमार पुत्र श्याम नारायण राम नि0 मोहब्बतपुर थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर

**बरामदगी का विवरण-**

एक अदद तमंचा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस

**आपराधिक इतिहास-**

01- मु0अ0सं0 61/25 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना दुल्लहपुर

02- मु0अ0सं0 29/21 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना शादियाबाद

03- मु0अ0सं0161/20 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना सादात

04- मु0अ0सं0 671/20 धारा 379,411 भादवि थाना कोतवाली

**<u>02. थाना नन्दगंज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 82/2025 धारा 137(2), 87, 64(1) बी0एन0एस0 व 5(L) / 6 पाक्सों एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया गया।</u>**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 04.04.2025 को उ0नि0 लालता प्रसाद यादव मय हमराह के देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन, तलाश वांछित वारण्टी मामूर थे कि मुखबिर खास की सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 82/2025 धारा 137(2), 87, 64(1) बी0एन0एस0 व 5(L) / 6 पाक्सों एक्ट में नामित 01 बाल अपचारी को रामपुर बन्तरा हाइवे पुल बहद ग्राम रामपुर बन्तरा थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर से अभिरक्षा मे लिया गया। बाल अपचारी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>अभिरक्षा अभियुक्त –</u>**

01 बाल अपचारी

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 82/2025 धारा 137(2), 87, 64(1) बी0एन0एस0 व 5(L) / 6 पाक्सों एक्ट थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर

**<u>03. थाना सैदपुर पुलिस टीम द्वारा देशी शराब की दुकान से चोरी करने वाले 01 नफर अभियुक्त व 01 नफर बाल अपचारी को 900 पाउच देशी शराब के साथ किया गया गिरफ्तार/अभिरक्षा।</u>**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 04.04.2025 को उ0नि0 जितेन्द्र कुमार मय हमराह देखभाल क्षेत्र , संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग में मामूर थे कि मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त चिन्टू उर्फ सोनू यादव पुत्र फेकन यादव निवासी ग्राम भीमापार थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर व एक नफर बाल अपचारी को सरकारी देशी दुकान से चोरी शुदा 900 पाउच ब्लू लाईम देशी शराब कार्टून डिब्बा के गिरफ्तार/अभिरक्षा में लिया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 101/2025 धारा 331(4),305 बी0एन0एस0 के मुकदमो मे धारा 317(2) बी0एन0एस0 की बढ़ोत्तरी की गयी। गिरफ्तारसुदा अभियुक्त/बाल अपचारी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार/अभिरक्षा अभियुक्तगण का नाम व पताः-</u>**

1.चिन्टू उर्फ सोनू यादव पुत्र फेकन यादव निवासी ग्राम भीमापार थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर

2.एक नफर बाल अपचारी

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>**

सरकारी देशी दुकान से चोरी शुदा 900 पाउच ब्लू लाईम देशी शराब कार्टून के डिब्बा

**<u>अपराधिक इतिहासः-</u>**

अभियुक्त चिन्टू उर्फ सोनू यादव का अपराधिक इतिहास -

1.मु0अ0सं0 101/2025 धारा 331(4),305, 317(2) बी0एन0एस0 थाना सैदपुर गाजीपुर

2.मु0अ0सं0 74/25 धारा 115(2),191(2),351(3),352 बी0एनस0एस0 थाना सैदपुर गाजीपुर

**04. थाना – दिलदारनगर पुलिस टीम द्वारा 350 ग्राम अवैध गाँजा के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 04.04.2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना दिलदारनगर क्षेत्र में उ0नि0 श्री हरिमाधव पाण्डेय मय हमराह द्वारा रस्कहाँ बाई पास के पास से अभियुक्त राजकुमार सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह निवासी ग्राम गिरधर बराँव थाना नवानगर जनपद बक्सर बिहार को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 350 ग्राम अवैध गाँजा बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 54/24 धारा 8/20 NDPS Act बनाम राजकुमार सिंह उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

1. राजकुमार सिंह पुत्र अशोक कुमार सिंह निवासी ग्राम गिरधर बराँव थाना नवानगर जनपद बक्सर बिहार

आपराधिक इतिहास -

मु0अ0सं0 54/25 धारा 8/20 NDPS Act थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर

**बरामदगी:**

350 ग्राम नाजायज गाँजा

**05. थाना दिलदारनगर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 40/2025 धारा 191(2),115(2),352,351(3),131,333,324(4) बीएनएस से सम्बन्धित 05 नफर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे आज दिनांक 04.04.2025 को मुखबिर की सूचना पर उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 40/2025 धारा 191(2),115(2),352,351(3),131,333,324(4) बीएनएस बनाम उपेन्द्र बिन्द पुत्र त्रिलोकी बिन्द निवासी कसेरूआ थाना दिलदारनगर गाजीपुर आदि 07 नफर से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. राधेश्याम बिन्द 2. विकास बिन्द 3.रतन उर्फ राकेश कुमार 4. उपेन्द्र कुमार 5. अवधेश कुमार समस्त निवासीगण कसेरूआ थाना दिलदारनगर गाजीपुर को उनके घर ग्राम कसेरूआ से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –**

1.राधेश्याम बिन्द पुत्र त्रिलोकी बिन्द उम्र 23 वर्ष

2.विकास बिन्द पुत्र खलीफा बिन्द उम्र 22 वर्ष

3.रतन उर्फ राकेश कुमार पुत्र खलीफा बिन्द उम्र 23 वर्ष

4.उपेन्द्र कुमार पुत्र त्रिलोकी बिन्द उम्र 25 वर्ष

5. अवधेश कुमार पुत्र खलीफा चौधरी उम्र 24 वर्ष समस्त निवासीगण कसेरूआ थाना दिलदारनगर गाजीपुर

**<u>आपराधिक इतिहास -</u>**
मु0अ0सं0 40/2025 धारा 191(2),115(2),352,351(3),131,333,324(4) बीएनएस थाना दिलदारनगर गाजीपुर

**06. थाना कोतवाली पुलिस द्वारा ग्राम गोडा देहाती मे हुई हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुये 03 नफर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**

- घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल 02 अदद डण्डा बरामद।

**<u>घटना का संक्षिप्त विवरण-</u>** दिनांक 03.04.2025 को रात्रि मे वादी श्रवण कुमार बिन्द पुत्र दीनानाथ बिन्द निवासी गोडा देहाती थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर द्वारा प्राप्त सूचना कि बाबा को खाना खिलाने और सम्पत्ति के लालच को लेकर अभियुक्तगण द्वारा गाली देते हुए झगडा व मारपीट करना जिसमे जितेन्द्र बिन्द , अंगद बिन्द व सुगनी देवी को चोट आना। इस चोट के कारण जितेन्द्र बिन्द की मृत्यु एवं अंगद बिन्द व सुगनी देवी का घायल होने की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 224/2025 धारा 105,115(2),352 बी0एन0एस0 बनाम 1.लाल चन्द बिन्द पुत्र कतवारू बिन्द उम्र करीब 52 वर्ष, 2. सूरज कुमार बिन्द पुत्र लालचन्द बिन्द उम्र करीब 20 वर्ष, 3. बजरंगी कुमार बिन्द पुत्र लाल चन्द बिन्द उम्र करीब 22 वर्ष निवासीगण ग्राम गोड़ा देहाती थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर पंजीकृत किया गया था।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 04.04.2025 को प्रभारी निरीक्षक दीन दयाल पाण्डेय मय हमराह थाना कोतवाली द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित 03 नफर अभियुक्तगण को आज दिनांक 04.04.2025 को मीरनपुर सक्का हाईवे मोड़ थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर से गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 02 अदद डण्डा बरामद किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पता-</u>**
1 .लाल चन्द बिन्द पुत्र कतवारू बिन्द उम्र करीब 52 वर्ष ,
2 . सूरज कुमार बिन्द पुत्र लालचन्द बिन्द उम्र करीब 20 वर्ष ,
3 . बजरंगी कुमार बिन्द पुत्र लाल चन्द बिन्द उम्र करीब 22 वर्ष
समस्त निवासीगण ग्राम गोड़ा देहाती थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर

**<u>बरामदगी का विवरण -</u>**
घटना मे प्रयुक्त 02 अदद डण्डा

**<u>अभियुक्त का आपराधिक इतिहास -</u>**
1 . मु0अ0सं0 224/2025/2024 धारा 105,115(2),352 बी0एन0एस0 थाना कोतवाली गाजीपुर

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**